**GOVERNMENT OF NATIONAL CAPITAL TERRITORY OF DELHI**
**DEPARTMENT OF TRAINING AND TECHNICAL EDUCATION**
**MUNI MAYA RAM MARG, PITAMPURA, DELHI- 110034**
**(ESTABLISHMENT – IV BRANCH)**

No.F.3(15)/2023 /Misc./TTE/E-IV/557-559 Dated: 16/08/24

To,

1. Controller, BTE,
2. The Principal, ITIs under DTTE,
3. Registrar, DSEU
4. All the Branch In-Charges, DTTE (HQ).
   (Through mail)

**Sub: Organization of various Hindi competitions for the year 2024-25.**

Sir / Madam,

Please find enclosed herewith the letter dated 23.07.2024 & 26.07.2024 along with its enclosures issued by Additional Secretary (Art, Culture and Languages Department), Delhi Secretariat, GNCTD on the subject mentioned above.

It is requested to send the details of interested candidates (in the prescribed form) to this office, latest by 30.08.2024, so that the same may be forwarded to Art, Culture and Languages Department, GNCTD within time.

Rules and forms of the competitions to be organized are attached herewith. Contestants wishing to participate in the competitions are requested to read the attached rules carefully before sending their names.

Yours faithfully,

**Encl. As above.**

**(C. SRI RAMAN)**
**SECTION OFFICER (ADMN.)**

Copy forwarded for information and necessary action to:

1. System Analyst, Computer Branch with the request to upload the letter along with enclosures on the Departmental Website.
2. Notice Board
3. Guard file.

**(C. SRI RAMAN)**
**SECTION OFFICER (ADMN.)**

223/C

Diary No. 1859
2/8/24

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग,
सी–विंग, सातवां तल,आई.पी.एस्टेट, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली ।

फा.सं. 08(11)/2024–2025–क0सं0 एवं भाषा/पा0फा0/716 से 791 दिनांक: 26/7/2024

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार तथा
समस्त विभागाध्यक्ष, स्थानीय निकाय, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार ।

विषयः विविध हिन्दी प्रतियोगिताएं 2024–2025 के संबंध में ।

महोदय/महोदया,

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी के अधिकाधिक प्रयोग को बढ़ाने, इसका प्रचार प्रसार करने तथा अधिकारियों/कर्मचारियों में हिन्दी में कार्य करने के प्रति रूचि पैदा करने के लिये कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा समय–समय पर विभिन्न प्रयास किये जाते हैं। इसी क्रम में विभाग द्वारा प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, जिसका विवरण निम्न प्रकार से है :–

| क्र. सं. | दिनांक | प्रतियोगिता का नाम | प्रतियोगिता का समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 16.09.2024 | हिन्दी निबंध प्रतियोगिता वर्ग "क" "ख", "ग" तथा "घ" | 3.30बजे | राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय, नं.1, लुडलो कैसल, राजनिवास मार्ग, दिल्ली–54 |
| 2. | 17.09.2024 | हिन्दी टिप्पण आलेखन प्रतियोगिता वर्ग "क" "ख", "ग" तथा "घ" | –वही– | –वही– |
| 3. | 18.09.2024 | हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता वर्ग "क", "ख" तथा "ग" | –वही– | –वही– |
| 4. | 19.09.2024 | हिन्दी आशुलिपि प्रतियोगिता | सुबह 11.00 बजे से प्रारंभ | कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, छठां तल, बी–विंग, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली–02 (कम्प्यूटर पर परीक्षा देने वाले) |
| 5. | 20.09.2024 | हिन्दी टाइप (मौखिक) एवं हिन्दी टाइप (लिखित) | सुबह 11.00 बजे से प्रारंभ | –वही– |

कृपया अपने विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों को इन प्रतियोगिताओं के आयोजन के बारे में अवगत कराने का कष्ट करें और प्रतियोगिता में शामिल होने के लिये इच्छुक प्रतियोगियों को सीधे परीक्षा केन्द्र पर पहुंचने की अनुमति प्रदान करते हुए उनके नाम निर्धारित प्रपत्र में उचित माध्यम द्वारा दिनांक 09.09.2024 तक इस विभाग में भिजवाने का कष्ट करें ।

विशेष टिप्पणी :–

आयोजित की जाने वाली प्रतियोगिताओं की नियमावली एवं प्रपत्र इसके साथ संलग्न है। प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक प्रतियोगियों से अनुरोध है कि वे अपना नाम भिजवाने से पूर्व संलग्न की गई नियमावली को ध्यानपूर्वक पढ़ लें।

हिन्दी आशुलिपि एवं हिन्दी टाइप (मौखिक/लिखित) परीक्षा कम्प्यूटर पर ली जायेगी। कम्प्यूटर पर परीक्षा देने वाले प्रतियोगी कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, छठां तल, बी–विंग, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली–02 में पूर्वाह्न 10.30बजे तक परीक्षा हेतु उपस्थित होंगे। परीक्षा से संबंधी सूचना नीचे दी गई विभाग की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

टीपः संबंधित जानकारी विभाग की वेबसाइट **https://artandculture.delhi.nic.in** पर देखी जा सकती है।

भवदीय

विवेक अग्रवाल 26/7

(विवेक अग्रवाल)
अपर सचिव (कला, संस्कृति एवं भाषा)
दूरभाष संख्या: 011–23392001–06
इन्टरकॉम नम्बर: 1019, 2024, 3734

DD(Admn.)
1762/E-IV 07/08/24
1545/DD/A 06/08/24

222/C

फा.सं. 08(11)/2024–2025–क0सं0 एवं भाषा/पा0फा0/ 792 से 809 दिनांकः 26/7/2024

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, माननीय उपराज्यपाल, राजनिवास मार्ग, दिल्ली ।
2. सचिव, माननीय अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, दिल्ली विधानसभा, पुराना सचिवालय, दिल्ली ।
3. सचिव, माननीय मुख्यमंत्री/परिवहन मंत्री/वित मंत्री/श्रम मंत्री/समाज कल्याण मंत्री/ खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री/स्वास्थ्य मंत्री, दिल्ली सचिवालय, दिल्ली ।
4. मुख्य सचिव के विशेष कार्याधिकारी, 5वां तल, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष, दिल्ली सरकार, दिल्ली/नई दिल्ली।
6. अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं कार्यकारी अध्यक्ष, हिन्दी कार्यान्वयन समिति जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय,तीस हजारी, दिल्ली।
7. अतिरिक्त आयुक्त पुलिस (प्रशासन), दिल्ली पुलिस मुख्यालय, छठां तल, टावर–II, पुलिस मुख्यालय, जय सिंह रोड, नई दिल्ली।
8. आयुक्त, दिल्ली नगर निगम, श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सैन्टर, मिन्टो रोड़, नई दिल्ली।
9. दिल्ली सरकार के समस्त स्वायत्त निकाय/निगम, दिल्ली/नई दिल्ली।
10. दिल्ली सरकार के अंतर्गत समस्त समितियाँ/बोर्ड/परिषद्/संगठन, दिल्ली/नई दिल्ली।
11. कला, संस्कृति एवं भाषा को वेबसाइट पर अपलोड करने के संदर्भ में।

विवेक अग्रवाल 26/7

(विवेक अग्रवाल)
अपर सचिव (कला, संस्कृति एवं भाषा)
दूरभाष संख्याः 011–23392001–06
इन्टरकॉम नम्बरः 1019, 2624, 3734

# हिन्दी की विविध प्रतियोगिताओं की नियमावली (वर्ष 2024–2025)

1. इन प्रतियोगिताओं में दिल्ली सरकार तथा इसके अधीनस्थ समस्त स्वायत्त निकाय अर्थात् दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद्, दिल्ली विकास प्राधिकरण, दिल्ली परिवहन निगम, दिल्ली पुलिस, दिल्ली ट्रांसको लिमिटेड, समस्त जिला एवं सत्र न्यायालय और दिल्ली जल बोर्ड इत्यादि के अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं ।

2. ये प्रतियोगिताएं निःशुल्क हैं ।

3. सचिव (कला, संस्कृति एवं भाषा) की अनुमति प्राप्त होने के पश्चात् हिन्दी की विविध प्रतियोगिता के प्रश्न पत्र तैयार करना एवं उत्तर पुस्तिकाओं की जांच राजभाषा विभाग, भारत सरकार के अधिकारियों से करवाई जाती है।

4. इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक अधिकारियों/कर्मचारियों को अपना नाम उप–सचिव/कार्यालयाध्यक्ष, कला,संस्कृति एवं भाषा विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, छठा तल, बी–विंग, दिल्ली सचिवालय, आई0 पी0 इस्टेट, नई दिल्ली के पास उचित माध्यम से भेजने होंगे ।

आयोजित की जाने वाली विभिन्न प्रतियोगिताओं का विवरण निम्न प्रकार से है :–

(1) हिन्दी आशुलिपि प्रतियोगिता में हिन्दी में 5 मिनट की डिक्टेशन 100 शब्द प्रति मिनट की गति से दी जायेगी। डिक्टेशन पूर्ण होने के पश्चात् प्रतियोगी को उत्तर पुस्तिका पर डिक्टेशन का हिन्दी रूपान्तरण 40 मिनट की अवधि में टाइप करके अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। हिन्दी आशुलिपि प्रतियोगिता में केवल एक ही वर्ग होगा।

(2) हिन्दी टाइप (मौखिक) प्रतियोगिता 5 मिनट की होगी जिसमें केवल एक ही वर्ग होगा। प्रतियोगिता में टाइपिंग गति 30 शब्द प्रति मिनट निर्धारित है।

(3) हिन्दी टाइप (लिखित) प्रतियोगिता 5 मिनट की होगी जिसमें केवल एक ही वर्ग होगा तथा लिखित प्रश्न–पत्र दिया जाएगा। प्रतियोगिता में टाइपिंग गति 30 शब्द प्रति मिनट निर्धारित है।

(4) कोई भी प्रतियोगिता केवल तभी आयोजित की जा सकेगी, जब संबंधित वर्ग में कम से कम 5 प्रतिभागी अवश्य भाग लें। यदि संबंधित वर्ग की परीक्षा में 5 से कम प्रतिभागी उपस्थित होते हैं तो प्रतियोगिता का आयोजन निरस्त समझा जायेगा।

(5) हिन्दी निबंध प्रतियोगिता में प्रतियोगी को दिए गए विषयों में से किसी एक पर निबंध लिखना होगा। निबंध प्रतियोगिता परीक्षा 100 अंकों की होगी और समयावधि 45 मिनट होगी। निबंध का मूल्यांकन भाषा शैली, विषयपरकता, अभिव्यक्ति एवं प्रश्न पत्र में निर्धारित मानकों के आधार पर किया जाएगा। इसमें निम्नलिखित वर्ग होंगे :–

(i) वर्ग "क" में वेतन मैट्रिक्स के स्तर–7 व उससे ऊपर के राजपत्रित अधिकारी शामिल होंगे।

(ii) वर्ग "ख" में वेतन मैट्रिक्स के स्तर–4 से 7 के अन्तर्गत अराजपत्रित कर्मचारी शामिल होंगे।

(iii) वर्ग "ग" में शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् एवं अन्य किसी सरकारी संस्थान के अध्यापकगण शामिल होंगे।

220/c

(iv) वर्ग "घ" में समस्त मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल होंगे।

(6) हिन्दी टिप्पण–प्रारूपण प्रतियोगिता का समय एक घंटे का होगा और इसके पूर्णांक 100 होंगे। इस प्रतियोगिता में कार्यालय के रोजमर्रा के विषयों से संबंधित हिन्दी में टिप्पणी एवं पत्र/परिपत्र/आदेश/ज्ञापन के प्रारूप लिखने होंगे। मूल्यांकन भाषा–शैली, विषयपरकता, नियमों के अनुसार प्रस्तुतिकरण के आधार पर किया जाएगा। इसमें निम्नलिखित वर्ग होंगे:–

(i) वर्ग "क" में वेतन मैट्रिक्स के स्तर–7 व उससे ऊपर के राजपत्रित अधिकारी शामिल होंगे।

(ii) वर्ग "ख" में वेतन मैट्रिक्स के स्तर–4 से 7 के अन्तर्गत अराजपत्रित कर्मचारी शामिल होंगे।

(iii) वर्ग "ग" में शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम, नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् एवं अन्य किसी सरकारी संस्थान के अध्यापकगण शामिल होंगे।

(iv) वर्ग "घ" में समस्त मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल होंगे।

(7) हिन्दी सुलेख प्रतियोगिता का समय 5–7 मिनट होगा । इसमें निम्नलिखित वर्ग होंगे :–

(i) वर्ग "क" में वेतन मैट्रिक्स के स्तर–7 व उससे ऊपर के राजपत्रित अधिकारी शामिल होंगे।
(ii) वर्ग "ख" में वेतन मैट्रिक्स के स्तर–4 से 7 के अन्तर्गत अराजपत्रित कर्मचारी शामिल होंगे।
(iii) वर्ग "ग" में समस्त मल्टी टास्किंग स्टाफ (एमटीएस)/चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी शामिल होंगे।

5. प्रत्येक प्रतियोगिता के लिये नकद-पुरस्कारों का विवरण निम्नलिखित है :–

| | | |
|---|---|---|
| प्रथम पुरस्कार | (एक) | 4000/–रूपये |
| द्वितीय पुरस्कार | (एक) | 3000/–रूपये |
| तृतीय पुरस्कार | (एक) | 2000/–रूपये |
| प्रोत्साहन पुरस्कार | (पांच) | 800/–रूपये |

6. सभी प्रतियोगिताओं में कोई भी अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित हो सकता है परन्तु प्रतियोगी को पुरस्कार केवल किसी एक प्रतियोगिता में ही दिया जायेगा, जिसमें प्रतियोगी की मेरिट बेहतर होगी। यदि दो अधिकारी/कर्मचारियों ने समान अंक प्राप्त किये है तो रोल नम्बर के अनुसार पुरस्कार दिया जायेगा।

7. सचिव (कला, संस्कृति एवं भाषा), दिल्ली सरकार को इन प्रतियोगिताओं की नियमावली के किसी उपबंध, पुरस्कारों की राशि, संख्या, और परीक्षा के स्थान, तिथि व समय आदि में किसी भी प्रकार के परिवर्तन करने का अधिकार होगा।

8. इन प्रतियोगिताओं से संबंधित किसी भी विवाद, शिकायत या इसके उपबंधों के निर्वहन आदि के बारे में, सचिव (कला, संस्कृति एवं भाषा), दिल्ली सरकार का निर्णय अन्तिम होगा।

9. इन प्रतियोगिताओं में दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग तथा हिन्दी अकादमी के अधिकारी/कर्मचारी एवं किसी अन्य संस्थान के राजभाषा विभाग में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी को भाग लेने की अनुमति नहीं है।

218/C

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
(कार्यालय का नाम ........................................)

हिन्दी निबंध, हिन्दी टिप्पण–आलेखन, हिन्दी सुलेख, हिन्दी आशुलिपि तथा हिन्दी टाइप (लिखित/मौखिक) प्रतियोगिता 2024–2025 में शामिल होने के लिए निर्धारित प्रपत्रः–

(प्रपत्र के सभी कॉलम भरने अनिवार्य हैं)

1. अधिकारी/कर्मचारी का नाम :
2. पिता/पति/माता का नाम :
3. पदनाम :
4. वेतन मैट्रिक्स में स्तर :
5. शैक्षिक योग्यता :
6. विभाग का नाम व पूरा पता :
7. ई–मेल आईडी (अवश्य लिखें) :
8. अधिकारी/कर्मचारी का मोबाईल नम्बर :

अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर

अग्रसारित करने वाले अधिकारी
के हस्ताक्षर एवं मोहर

नोटः कृपया प्रपत्र भरने से पूर्व संलग्न नियमावली अवश्य पढ़ें।

21/c

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार
कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग, सी–विंग, सातवां तल,
आई.पी.एस्टेट, दिल्ली सचिवालय,नई दिल्ली ।

फा.सं. 08(03)/2024–2025/क0सं0 एवं भाषा/पार्ट फा0/577 से 652 दिनांकः 23/07/2024

सेवा में,

समस्त विभागाध्यक्ष
राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, दिल्ली/नई दिल्ली ।

विषयः हिन्दी टिप्पण–प्रारूपण प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतियोगिता–2024 (स्वेच्छा से) कार्य करने की मूल्यांकन अवधि 01.01.2024 से 30.06.2024 तक ।

महोदय/महोदया,

सरकारी कामकाज में राजभाषा हिन्दी का अधिकाधिक प्रयोग बढ़ाने, इसका प्रचार–प्रसार करने तथा कार्यालय कार्य हिन्दी में करने के प्रति रूचि पैदा करने के उद्देश्य से कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग द्वारा हिन्दी टिप्पण–प्रारूपण प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतियोगिता (स्वेच्छा से) का आयोजन किया जा रहा है । इस योजना के अधीन हिन्दी में सबसे अधिक कार्य करने वाले 20 राजपत्रित अधिकारियों तथा 33 अराजपत्रित कर्मचारियों को नकद पुरस्कार राशि, शील्ड व प्रशस्ति पत्र दिये जायेंगे । इस प्रतियोगिता के लिये अधिकारी वर्ग के लिये 20 पुरस्कारों में से 5 पुरस्कार अन्य भाषा–भाषी अधिकारियों को दिये जाने का प्रस्ताव है। यदि अन्य भाषा–भाषी अधिकारी/कर्मचारी उपलब्ध नहीं होते हैं तो उनके स्थान पर ये पुरस्कार हिन्दी भाषी अधिकारियों को दिये जायेंगे। इस प्रतियोगिता के लिये हिन्दी में कार्य करने की मूल्यांकन अवधि 01.01.2024 से 30.06.2024 तक निर्धारित की गई है। प्रतियोगिता की नियमावली एवं प्रपत्र इसके साथ संलग्न है।

समस्त विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्ष से अनुरोध है कि इस प्रतियोगिता में केवल उन्ही अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम भेजें जिन अधिकारियों/कर्मचारियों के हिन्दी में किये गये कार्यो से वे स्वयं संतुष्ट हों। प्रतियोगिता हेतु भेजे गए आवेदन पत्र कार्यालयाध्यक्ष द्वारा सत्यापित होना चाहिये।

कृपया अपने विभाग/कार्यालय के अधिकारियों/कर्मचारियों को इस प्रतियोगिता के बारे में अवगत कराने का कष्ट करें और हिन्दी में कार्य करने वाले अधिकारियों/कर्मचारियों के नाम मूल्यांकन की अवधि को ध्यान में रखते हुये निर्धारित प्रपत्र में दिनांक 30 सितम्बर, 2024 तक इस विभाग को भिजवाने का कष्ट करें। निरीक्षण के उपरान्त परिणाम संबंधी सूचना नीचे दी गई विभाग की वेबसाइट पर देखी जा सकती है।

कृपया इसे प्राथमिकता दें ।

टीपः संबंधित जानकारी विभाग की वेबसाइट https://artandculture.delhi.gov.in पर देखी जा सकती है।

भवदीय

विवेक अग्रवाल 24/7

(विवेक अग्रवाल)
अपर सचिव (कला, संस्कृति एवं भाषा)
दूरभाष संख्या: 011–23392001–06
इन्टरकॉम नम्बर: 1019, 2624, 3734

जारी–/2........

216/C

फा.सं. 08(03)/2024–2025/क0सं0 एवं भाषा/पार्ट फा0/653 से 671 दिनांक: 23/07

प्रतिलिपि निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. सचिव, माननीय उपराज्यपाल, राजनिवास मार्ग, दिल्ली ।
2. सचिव, माननीय अध्यक्ष/उपाध्यक्ष, दिल्ली विधानसभा, पुराना सचिवालय, दिल्ली ।
3. सचिव, माननीय मुख्यमंत्री/परिवहन मंत्री/वित मंत्री/श्रम मंत्री/समाज कल्याण मंत्री/ खाद्य एवं आपूर्ति मंत्री/स्वास्थ्य मंत्री, दिल्ली सचिवालय, दिल्ली ।
4. मुख्य सचिव के विशेष कार्याधिकारी, 5वां तल, दिल्ली सचिवालय, नई दिल्ली ।
5. समस्त विभागाध्यक्ष, दिल्ली सरकार, दिल्ली/नई दिल्ली।
6. अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं कार्यकारी अध्यक्ष, हिन्दी कार्यान्वयन समिति जिला एवं सत्र न्यायाधीश कार्यालय,तीस हजारी, दिल्ली।
7. अतिरिक्त आयुक्त पुलिस (प्रशासन), दिल्ली पुलिस मुख्यालय, छठां तल, टावर–II, पुलिस मुख्यालय, जय सिंह रोड, नई दिल्ली।
8. आयुक्त, दिल्ली नगर निगम, श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिविक सैन्टर, मिन्टो रोड़, नई दिल्ली।
9. दिल्ली सरकार के समस्त स्वायत्त निकाय/निगम, दिल्ली/नई दिल्ली।
10. दिल्ली सरकार के अंतर्गत समस्त समितियाँ/बोर्ड/परिषद्/संगठन, दिल्ली/नई दिल्ली।
11. कला, संस्कृति एवं भाषा को वेबसाइट पर अपलोड करने के संदर्भ में।

विवेक अग्रवाल 24/7

(विवेक अग्रवाल)
अपर सचिव (कला, संस्कृति एवं भाषा)
दूरभाष संख्या: 011–23392001–06
इन्टरकॉम नम्बर: 1019, 2624, 3734

# हिन्दी टिप्पण–प्रारूपण प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतियोगिता (स्वेच्छा से) की नियमावली
(वर्ष 2024–2025)

1. इस प्रतियोगिता का नाम हिन्दी टिप्पण व प्रारूपण प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतियोगिता (स्वेच्छा से) होगा।

2. इस प्रतियोगिता का उद्देश्य दिल्ली सरकार के विभागों में हिन्दी के प्रयोग को प्रोत्साहन देना तथा अधिकारियों/कर्मचारियों में हिन्दी में सरकारी कामकाज के प्रति रूचि पैदा करना है ।

3. इस प्रतियोगिता में दिल्ली सरकार के कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग तथा किसी अन्य विभाग के राजभाषा अनुभाग/शाखा में कार्यरत अधिकारियों/कर्मचारियों को छोड़कर दिल्ली सरकार के समस्त विभागों/स्वायत्त निकायों/निगम के अधिकारी/कर्मचारी भाग ले सकते हैं ।

4. इस प्रतियोगिता के मूल्यांकन की अवधि 01 जनवरी, 2024 से 30 जून, 2024 तक होगी ।

5. उपर्युक्त अवधि में हिन्दी में लिखी टीपों/प्रारूपों की जांच की जायेगी ।

6. टीप के बीच में आए पारिभाषिक अंग्रेजी शब्दों पर कोई आपत्ति नहीं होगी । हिन्दी में नोट लिखते समय किसी अंग्रेजी शब्द को देवनागरी/रोमन में लिखने पर टीप हिन्दी में ही मानी जायेगी । व्याकरण/वर्तनी (स्पेलिंग) की छोटी–मोटी भूलों पर ध्यान नहीं दिया जायेगा ।

7. टीप में "देखा", "धन्यवाद", "कृपया चर्चा करें", "फाईल करें" इत्यादि शब्दों को भी एक–एक लाईन माना जायेगा तथा पुरस्कारों के निर्धारण हेतु शब्दों की कोई सीमा नहीं होगी, बल्कि यह कार्मिक द्वारा हिन्दी में किये गये समस्त कार्य की मात्रा के आधार पर किया जायेगा।

8. इस प्रतियोगिता से संबंधित प्रोफार्मा भरकर दिनांक 30 सितम्बर, 2024 तक इस विभाग में भिजवाना आवश्यक है।

9. प्रतियोगिता में दो वर्ग होंगें (1) अधिकारी वर्ग, इस वर्ग में अधीक्षक, समकक्ष एवं उच्च अधिकारी तथा (2) कर्मचारी वर्ग में लिपिक से लेकर सहायक के पद तथा अपने विभाग में डायरी, डिस्पैच, अन्य सरकारी कार्य या उच्च अधिकारियों द्वारा सौंपा गया विभागीय कार्य हिन्दी में करने वाले मल्टी टास्किंग स्टाफ भी सम्मिलित होंगे।

10. दोनों वर्गों में पुरस्कार राशि निम्न प्रकार से होगी:–

| | पुरस्कारों की संख्या | वर्तमान राशि |
|---|---|---|
| (1) अधिकारी वर्ग | 20 पुरस्कार | 4000/–रूपये (प्रत्येक) |
| (2) कर्मचारी वर्ग | प्रथम पुरस्कार | 4000/–रूपये (एक) |
| | द्वितीय पुरस्कार | 3000/–रूपये (एक) |
| | तृतीय पुरस्कार | 2000/–रूपये (एक) |
| | प्रोत्साहन पुरस्कार | 800/–रूपये (तीस)(प्रत्येक) |

11. इस प्रतियोगिता के अधिकारी वर्ग में वेतन मैट्रिक्स स्तर–7 या उससे ऊपर के राजपत्रित अधिकारी/कर्मचारी सम्मिलित होंगे।

12. इस प्रतियोगिता के कर्मचारी वर्ग मे वेतन मैट्रिक्स स्तर–1 से 6 तक के कर्मचारी सम्मिलित होंगे।

21/C

13. अधिकारी वर्ग में 5 पुरस्कार अन्य भाषा–भाषी अधिकारियों को दिये जाने का प्रस्ताव है यदि अन्य भाषा–भाषी अधिकारी उपलब्ध नहीं होते हैं तो उनके स्थान पर ये पुरस्कार हिन्दी भाषी अधिकारियों को दिये जायेंगे ।

14. निर्धारित प्रपत्र में हिन्दी भाषा–भाषी अथवा अन्य भाषा–भाषी (अधिकारी/कर्मचारी) लिखाना अनिवार्य है।

15. इस प्रतियोगिता में दिल्ली सरकार के भाषा विभाग तथा हिन्दी अकादमी के कर्मचारी एवं किसी अन्य स्वायत्त निकाय/स्थानीय निकाय/संस्थान के राजभाषा अनुभाग/शाखा में कार्यरत अधिकारी/कर्मचारी भाग नहीं लेंगे। इसके अतिरिक्त शिक्षा निदेशालय, दिल्ली सरकार, दिल्ली नगर निगम तथा नई दिल्ली नगर पालिका परिषद् के प्रधानाचार्य/उप–प्रधानाचार्य एवं अध्यापक भी भाग नहीं ले सकेंगे।

16. सचिव (कला, संस्कृति एवं भाषा) को प्रतियोगिता के नियमों में तथा पुरस्कारों की राशि में फेरबदल करने का पूरा अधिकार होगा। इस संबंध में किसी शिकायत पर सचिव (कला, संस्कृति एवं भाषा) का निर्णय सर्वमान्य होगा ।

17. हिन्दी टिप्पण–प्रारूपण प्रोत्साहन प्रतियोगिता (स्वेच्छा से) की प्रतियोगिता में संबंधित अधिकारी/कर्मचारी द्वारा कार्यालय के रोजमर्रा के विषयों से संबंधित हिन्दी में टिप्पणी एवं पत्र/परिपत्र/आदेश/ज्ञापन आदि के रूप में किए गए कार्य के मूल्यांकन हेतु आधार माना जाएगा। मूल्यांकन भाषा–शैली, विषयपरकता, नियमों के अनुसार प्रस्तुतिकरण के आधार पर किया जाएगा।

18. इस परिपत्र के साथ संलग्न प्रोफार्मा में कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा सत्यापित करवाये जा सकते हैं।

19. लिपिकों द्वारा की गई टिप्पण–प्रारूपण में उसके हस्ताक्षर करने वाले अधिकारी भी कर्मचारी के साथ–साथ इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

20. नियमावली के अनुसार मांगी गई प्रविष्टियों का मूल्यांकन करने के लिये निर्धारित समिति द्वारा जांच कर तद्नुसार पुरस्कार की संस्तुति की जायेगी। समिति की संस्तुति का परिणाम अंतिम माना जाएगा।

21. नियमों की व्याख्या अथवा अन्य किसी प्रकार की जानकारी के लिये कला, संस्कृति एवं भाषा विभाग में टेलीफोन दूरभाष संख्या: 011–23392001–06 इन्टरकॉम नम्बर: 3734, 2624 पर संपर्क किया जा सकता है।

विवेक अग्रवाल
2/12

(विवेक अग्रवाल)
अपर सचिव (कला, संस्कृति एवं भाषा)
दूरभाष संख्या: 011–23392001–06
इन्टरकॉम नम्बर: 1019, 2624, 3734

213/C

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
(कार्यालय का नाम ..................................................)

हिन्दी टिप्पण व प्रारूपण प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतियोगिता (स्वेच्छा से) वर्ष 2024–2025 में भाग लेने के लिये अधिकारियों / कर्मचारियों द्वारा भरे जाने वाला निर्धारित प्रपत्र :–

( मूल्यांकन की अवधि 01 जनवरी, 2024 से 30 जून, 2024 तक)

1. अधिकारी / कर्मचारी का नाम :

2. पिता / पति का नाम :

3. पदनाम (वेतन मैट्रिक्स सहित) :

4. विभाग का नाम व पूरा पता दूरभाष / मोबाईल संख्या सहित :

5. हिन्दी में किए गए कार्यों का ब्यौरा (छायाप्रति सहित) :

6. अन्य भाषा–भाषी / हिन्दी भाषी (लिखना अनिवार्य है)) :

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले
अधिकारी / कर्मचारी के हस्ताक्षर

कार्यालयाध्यक्ष / विभागाध्यक्ष
के हस्ताक्षर एवं मोहर

नोटः कृपया प्रपत्र भरने से पूर्व संलग्न नियमावली अवश्य पढ़ें।

213/C

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली सरकार
(कार्यालय का नाम ..................................................)

हिन्दी टिप्पण व प्रारूपण प्रोत्साहन पुरस्कार प्रतियोगिता (स्वेच्छा से) वर्ष 2024–2025 में भाग लेने के लिये अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा भरे जाने वाला निर्धारित प्रपत्र :–

( मूल्यांकन की अवधि 01 जनवरी, 2024 से 30 जून, 2024 तक)

1. अधिकारी/कर्मचारी का नाम :

2. पिता/पति का नाम :

3. पदनाम (वेतन मैट्रिक्स सहित) :

4. विभाग का नाम व पूरा पता दूरभाष/मोबाईल संख्या सहित :

5. हिन्दी में किए गए कार्यों का ब्यौरा (छायाप्रति सहित) :

6. अन्य भाषा–भाषी/हिन्दी भाषी (लिखना अनिवार्य है)) :

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले
अधिकारी/कर्मचारी के हस्ताक्षर

कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष
के हस्ताक्षर एवं मोहर

नोटः कृपया प्रपत्र भरने से पूर्व संलग्न नियमावली अवश्य पढ़ें।